हरिभूमि- कांकेर भूमि
रायपुर, मंगलवार 31 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

11 मुख्यमंत्री के नेतृत्व में ऐतिहासिक मेगा...



12 चार महीने से अटकी मजदूरी पर साधुमिच के मजदूरों ...





# दीक्षांत परेड में अनुशासन और ऊर्जा से सबको किया प्रभावित, युवाओं के लिए बने प्रेरणा

## कांकेर के मुसुरपुट्टा का बेटा बना खाकी का शेर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बासनवाही

सेना की वर्दी में 17 वर्षों तक देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले भीखम साहू अब खाकी पहनकर समाज की सुरक्षा का दायित्व संभालने जा रहे हैं। उनकी यह यात्रा न सिर्फ प्रेरणादायक है, बल्कि यह भी दिखाती है कि सच्ची सेवा भावना कभी थमती नहीं, बस उसका स्वरूप बदलता है।

राजधानी स्थित पुलिस अकादमी में आयोजित उप निरीक्षक दीक्षांत परेड के दौरान जब भीखम साहू ने कदमताल किया, तो उनकी ऊर्जा और अनुशासन ने सभी को प्रभावित कर दिया। एक साधारण किसान परिवार से आने वाले भीखम का जीवन संघर्ष और समर्पण की मिसाल है। कांकेर जिले के छोटे से गांव मुसुरपुट्टा में पले-बढ़े भीखम ने कम उम्र में ही सेना में ज्वाइन कर ली थी और देश सेवा में अपने जीवन के 17 महत्वपूर्ण वर्ष समर्पित कर दिए। सेना से सेवानिवृत्ति के बाद जहां अधिकांश लोग आराम की जिंदगी चुनते हैं, वहीं भीखम ने खुद को नई चुनौती के लिए तैयार किया। उन्होंने पुलिस भर्ती परीक्षा दी और कड़े शारीरिक व मानसिक प्रशिक्षण को पार करते हुए उप निरीक्षक पद हासिल किया। यह उपलब्धि उनके अटूट आत्मविश्वास और मेहनत का परिणाम है। समारोह के दौरान उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि उनके लिए वर्दी केवल एक कपड़ा नहीं, बल्कि जिम्मेदारी का प्रतीक है। सेना में रहकर उन्होंने देश की सीमाओं की रक्षा की और अब पुलिस में रहकर समाज को अपराध से सुरक्षित रखना उनका लक्ष्य है। उनका यह संदेश स्पष्ट था कि वर्दी का रंग बदल सकता है, लेकिन देश और समाज के प्रति समर्पण नहीं। उनकी यह नई पारी न केवल उनके परिवार और गांव के लिए गर्व का विषय है, बल्कि पूरे प्रदेश के युवाओं के लिए एक प्रेरक उदाहरण भी है।



### मन में कुछ कर गुजरने का होना चाहिए जज्बा

उपनिरीक्षक के लिए चयनित भीखम साहू की कहानी आज के युवाओं के लिए एक मजबूत प्रेरणा है। यह बताती है कि उम्र या परिस्थितियां कभी भी सफलता की राह में बाधा नहीं बन सकतीं, यदि मन में कुछ कर गुजरने का जज्बा हो। 17 साल की सेवा के बाद फिर से शुरुआत करना और सफलता हासिल करना उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रमाण है।

---


आपरेशन : पुलिस को है विश्वास, अंतिम दिन आएगा सकारात्मक परिणाम

# केंद्र की डेडलाइन का आज है अंतिम दिन, बचे 17 नक्सली कई गुटों में बंटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

कांकेर जिले के घने और दुर्गम जंगल इन दिनों एक अलग ही संघर्ष के गवाह बन रहे हैं। यह मुठभेड़ गोलियों की नहीं, बल्कि मनोवैज्ञानिक दबाव और रणनीतिक प्रयासों की है, जहां सुरक्षा बल नक्सलियों को मुख्यधारा में लौटाने के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं। समर्पण की डेडलाइन का आज अंतिम दिन होने से स्थिति और भी संवेदनशील हो गई है। पुलिस और प्रशासन को भरोसा है कि लंबे प्रयास रंग ला सकते हैं और जंगल से शांति का संदेश निकल सकता है।

जानकारी के अनुसार कांकेर जिले में सक्रिय परतापुर एरिया कमेटी और कंपनी नंबर 05 से जुड़े कुल 17 नक्सली इस समय आत्मसमर्पण को लेकर असमंजस की स्थिति में हैं। डेडलाइन का दबाव इन पर साफ देखा जा रहा है, लेकिन आपसी मतभेदों के चलते ये सभी एकमत नहीं हो पा रहे हैं। यही कारण है कि ये 17 नक्सली कम से कम तीन अलग-अलग गुटों में बंट गए हैं, जिससे समर्पण की प्रक्रिया और जटिल हो गई है। सूत्रों के मुताबिक इन तीनों गुटों से अलग-अलग गांवों के लोग लगातार संपर्क साधने में जुटे हुए हैं। ग्रामीणों और मध्यस्थों के जरिए नक्सलियों को समझाने और उन्हें आत्मसमर्पण के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि रूपी और दारसू की टीमों ने अपने-अपने स्तर पर गांव के माध्यम से संपर्क स्थापित किया है। संभावना जताई जा रही है कि डेडलाइन के अंतिम दिन यह दोनों टीमें समर्पण के लिए आगे आ सकती हैं। इधर दिनभर यह चर्चा भी गर्म रही कि यह सभी 17 नक्सली कोयलीबेड़ा और परतापुर थाना क्षेत्र के जंगलों में छिपे हुए हैं। फोर्स लगातार इन क्षेत्रों पर नजर बनाए हुए हैं और हर गतिविधि पर सतर्कता से निगरानी कर रही हैं।




### आशा है, जल्द करेंगे समर्पण

पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने हरिभूमि से बात करते हुए कहा कि नक्सलियों के समर्पण के लिए कोशिश जारी है। इसके अलावा ऑपरेशन भी अलग-अलग क्षेत्रों में चल रहा है। मुझे आशा है कि बचे हुए नक्सली जल्द से जल्द आत्मसमर्पण करेंगे।

### परतापुर एरिया कमेटी के बचे 10 नक्सली

परतापुर एरिया कमेटी के बचे 10 नक्सलियों में रूपी पति विजय रेड्डी निवासी आंध्र प्रदेश, चंदर कतलाम निवासी आदेरबेड़ा पूर्वी बस्तर क्षेत्र, कुमारी माली निवासी ग्राम मुंदेर थाना नेलसनार जिला बीजापुर, मंगलू पद्दा निवासी उकड़ थाना सोनपुर जिला नारायणपुर, मंगेश परचापी उर्फ सोमलू निवासी माड़ क्षेत्र, मनीषा कोर्राम निवासी कोटमेटा, जिला मरकाम निवासी दक्षिण बस्तर, कुमारी सनकी ग्राम दोड़गेजोड़ा थाना परतापुर, सोमा पोड़ियाम निवासी इंद्रावती एरिया जिला बीजापुर, लखमी पद्दा निवासी मरकाबेड़ा थाना सोनपुर जिला नारायणपुर है।

### कंपनी नंबर 05 के सक्रिय 07 नक्सली

मिलिट्री कंपनी नंबर 05 के सक्रिय 07 नक्सली में सुकदार उइका निवासी दक्षिण बस्तर क्षेत्र, जानकी सोढ़ी निवासी दक्षिण क्षेत्र, मोनिका निवासी पश्चिम बस्तर क्षेत्र, दारसू शोरी ग्राम पिपरा थाना आमाबेड़ा, हिड़मा सोढ़ी निवासी पश्चिम बस्तर जिला बीजापुर क्षेत्र, शंकर निवासी पश्चिम बस्तर जिला बीजापुर और होलिका पुनेम निवासी ग्राम कुमड़ पुसनार थाना गंगालूर जिला बीजापुर की है।

---

# दो दिनों से बिजली गुल होने पर गिरहोलावासियों का फूटा गुस्सा



हरिभूमि न्यूज ⏭ चारामा

गिरहोला गांव में इन दिनों भीषण गर्मी के बीच अंधेरे का संकट गहराता जा रहा है। पिछले दो दिनों से गांव में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ठप है, जिससे आमजन का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। हालात इतने खराब हैं कि जैसे ही गर्मी बढ़ती है, गिरहोला में लो वोल्टेज और बार-बार बिजली बाधित होना आम समस्या बन जाती है। बीती रात भी ट्रांसफार्मर (डीओ) जल जाने की घटना सामने आई, लेकिन जिम्मेदार विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है।

विकासखंड चारामा के ग्राम गिरहोला गांव में बिजली संकट से परेशान ग्रामीणों का आक्रोश अब खुलकर सामने आने लगा है। ग्रामीणों का कहना है कि हर साल गर्मी के मौसम में यही स्थिति बनती है, लेकिन स्थायी समाधान के लिए कोई प्रयास नहीं किया जाता। बिजली नहीं होने से पेयजल, खेती-किसानी और दैनिक कामकाज बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। गांव के लोगों ने मांग की है कि तत्काल विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए, ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाई जाए या फिर गिरहोला की विद्युत लाइन को सीधे चारामा से जोड़ा जाए, ताकि स्थायी रूप से समस्या का समाधान हो सके। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो वे विद्युत विभाग के कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन करेंगे और आवश्यकता पड़ने पर नेशनल हाईवे को जाम करने से भी पीछे नहीं हटेंगे।

ग्रामीणों के द्वारा अल्टीमेटम देने के बाद अब देखना यह होगा कि विद्युत विभाग इस गंभीर समस्या को कितनी जल्द प्राथमिकता देते हैं या फिर गिरहोला के ग्रामीणों को अंधेरे में ही संघर्ष करना पड़ेगा।

---

## खबर संक्षेप

### जेल परिसर ड्रोन के लिए नो फ्लाई जोन घोषित



**कांकेर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा जिला जेल परिसर कांकेर एवं जेल में बंदियों की सुरक्षा की संवेदनशीलता को देखते हुए जेल परिसर कांकेर एवं उसकी सीमा से लगे 200 मीटर क्षेत्र को ड्रोन के लिए नो फ्लाई जोन/रेड जोन घोषित किया गया है। यह प्रतिबंधात्मक आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (1) (4) तथा ड्रोन नियम-2025 के तहत जारी किया गया है, जो तत्काल प्रभावशील हो गया है।

### अग्निवीर में भर्ती के लिए 1 तक है मौका

**कांकेर।** भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए जारी अधिसूचना अनुसार आवेदन करने के लिए 01 अप्रैल तक मौका है। थल सेना द्वारा पंजीकृत आवेदकों का ऑनलाइन लिखित परीक्षा 01 से 15 जून के मध्य आयोजित किया जाना संभावित है। रोजगार कार्यालय द्वारा थल सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन करने वाले अभ्यार्थियों को निःशुल्क प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। उक्त प्रशिक्षण में भाग लेने के के लिए ऑनलाइन लिखित परीक्षा के लिए प्रशिक्षण हेतु पंजीयन करा सकते हैं।

### कोचिए से 15 लीटर देशी शराब जब्त

**कांकेर।** पखांजुर थाना क्षेत्र के ग्राम नवानकेरी में अवैध शराब के विरुद्ध पुलिस ने कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी 25 वर्षीय शिवलाल मंडावी पिता स्व. धरमू अपने घर में हाथ भट्टी से निर्मित महुआ शराब का अवैध रूप से निर्माण कर बिक्री के लिए रखा हुआ था। पुलिस द्वारा छापामार कार्रवाई के दौरान मौके से लगभग 15 लीटर महुआ शराब, जिसकी अनुमानित कीमत 2250 रुपये है, जब्त की गई। इसके साथ ही बिक्री की रकम 300 रुपये भी आरोपी के कब्जे से बरामद कर जप्त की गई। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई।



### पेड़ से गिरने से अधेड़ की मौत

**कांकेर।** लोहत्तर थानांतर्गत ग्राम मोहगांव में एक दुखद घटना सामने आई है, जहां 48 वर्षीय व्यक्ति की पेड़ से गिरने के कारण मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक सन्नूराम आंचला पिता साहगूराम अपने घर के पास सागौन के पेड़ पर किसी कार्य से चढ़ा हुआ था, तभी अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिर गया। गंभीर रूप से घायल होने पर परिजनों ने तत्काल उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भानुप्रतापपुर पहुंचाया। वहां मौजूद डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### आत्मानंद विद्यालय में हुआ झलक कार्यक्रम

**चारामा।** विकासखंड चारामा में झलक कार्यक्रम का आयोजन स्वामी आत्मानंद स्कूल चारामा में आयोजित किया गया जिसमे मुख्य अतिथि प्राचार्य सीताराम सलाम और विशिष्ट अतिथि कन्हैया सिंह ठाकुर रहे। झलक की जानकारी पीपीटी के माध्यम से दिया गया। चारामा ब्लॉक के 5 गांव में पर्यावरण को बचाने ऑर्गेनिक खेती के साथ सब्जी उत्पादन की उन्नत तकनीक पर भी चर्चा किया गया।

---

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार आरोपी को भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

जिले में महिलाओं के खिलाफ अपराध पर सख्त रुख अपनाते हुए कांकेर पुलिस ने एक गंभीर मामले में बड़ी कार्रवाई की है। शादी का झांसा देकर लंबे समय तक शोषण करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

पीड़िता ने बोधघाट थाना में शिकायत दर्ज कराई। यह शिकायत सीसीटीएनएस पोर्टल के माध्यम से सिटी कोतवाली कांकेर को प्राप्त हुई, जहां धारा 69 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। शिकायत के अनुसार पीड़िता और आरोपी की पहचान नंदनमारा स्थित एक वृद्धाश्रम में कार्य के दौरान हुई थी। आरोपी प्रवेश कुमार यादव ने पीड़िता को शादी का झांसा देकर अपने घर ले जाकर जबरन शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद वह लगातार पीड़िता के घर आता-जाता रहा और विश्वास कायम कर वर्षों तक उसका शोषण करता रहा। यह सिलसिला 20 अक्टूबर 2025 तक चलता रहा। जब पीड़िता ने विवाह के लिए दबाव बनाया, तो आरोपी ⏭ शेष पेज 10 पर



### सार्वजनिक स्थान पर शराब पीना पड़ा मंहगा

**कांकेर।** चारामा पुलिस ने मुखबिर से जानकारी मिली कि बल्ला देवांगन के ढाबा के पास कुछ लोग शराब पी रहे हैं। पुलिस टीम ने गवाहों के साथ मौके पर पहुंचकर घेराबंदी किया, जहां कुछ लोग भाग निकले, जबकि एक युवक को पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम संदीप अरकरा 25 वर्ष निवासी गिरहोला थाना चारामा बताया। उसके पास से आधी भरी देशी शराब की बोतल, डिस्पोजल और पानी पाउच बरामद हुआ। मेडिकल जांच में शराब सेवन की पुष्टि होने पर आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई।

# साधुमिचगांव–ओडाहुर-गरदा मार्ग निर्माण का भूमिपूजन, अंचल में विकास को गति

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल

साधुमिचगांव से ओडाहुर-गरदा तक बनने वाले बहुप्रतीक्षित सड़क मार्ग का विधिवत भूमिपूजन किया गया। लंबे समय से इस मार्ग की मांग कर रहे ग्रामीणों के चेहरे पर अब संतोष और खुशी साफ झलक रही है। प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत बनने वाली यह सड़क न केवल आवागमन को सुगम बनाएगी, बल्कि पूरे क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास को भी गति देगी। ग्राम पंचायत साधुमिचगांव में आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की उल्लेखनीय भागीदारी रही। पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ ग्राम गायता राजाराम जाड़े एवं सियाराम दुग्गा द्वारा भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की समृद्धि और निर्माण कार्य की सफलता की कामना की गई। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने अपने संबोधन में कहा कि इस सड़क के निर्माण से साधुमिचगांव, ओडाहुर और गरदा के बीच की दूरी और कठिनाइयां काफी हद तक कम होंगी। ⏭ शेष पेज 10 पर



---

2 अप्रैल को मनाई जाएगी हनुमानजी की जयंती

# श्रीहनुमान जन्मोत्सव में ध्रुव योग और हस्त नक्षत्र का बन रहा दुर्लभ संयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

चैत्र माह की पूर्णिमा तिथि हिंदू धर्म में बेहद खास मानी जाती है, वैसे तो हर महीने पूर्णिमा आती है, लेकिन चैत्र पूर्णिमा का महत्व कुछ अलग ही होता है। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि इसी दिन भगवान श्री राम के परम भक्त हनुमान जी का जन्म हुआ था, इसलिए इस पावन तिथि को पूरे देश में हनुमान जयंती के रूप में बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है।

संकटमोचन की भक्ति में डूबने का समय फिर आ गया है, इस साल 2026 में हनुमान जन्मोत्सव एक विशेष आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ मनाया जाएगा, जहां ग्रह-नक्षत्रों के अद्भुत संयोग और शुभ मुहूर्त इस पर्व को और भी खास बना रहे हैं। पंचमुखी हनुमान मंदिर के पुजारी ने बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार हनुमान जन्मोत्सव चैत्र मास की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है। वर्ष 2026 में यह पर्व 2 अप्रैल, गुरुवार को मनाया जाएगा। पूर्णिमा तिथि 1 अप्रैल सुबह 7 बजकर 06 बजे से शुरू होकर 2 अप्रैल सुबह 7 बजकर 41 बजे तक रहेगी, लेकिन उदया तिथि के अनुसार 2 अप्रैल को ही पर्व मान्य होगा।



हनुमान जयंती भगवान हनुमान के जन्म का उत्सव है, जिन्हें शक्ति, भक्ति और साहस का प्रतीक माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि वे भगवान शिव के रुद्रावतार हैं और भगवान श्रीराम के परम भक्त। इस दिन उनकी पूजा करने से भय, रोग और नकारात्मक शक्तियों से मुक्ति मिलती है तथा जीवन में सफलता और आत्मबल की प्राप्ति होती है। इस बार हनुमान जयंती पर ध्रुव योग और हस्त नक्षत्र का शुभ संयोग बन रहा है, जो स्थिरता, सफलता और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। ध्रुव योग दोपहर तक रहेगा, वहीं हस्त नक्षत्र शाम तक प्रभावी रहेगा, जिससे पूरे दिन पूजा-अर्चना का विशेष फल प्राप्त होगा।

### हनुमान जयंती पर दिव्य संयोग

पंचांग के अनुसार इस साल 2 अप्रैल को हनुमान जयंती पर दिव्य संयोग बन रहा है। इस साल हस्त नक्षत्र में हनुमान जयंती पर्व मनाया जाएगा। हस्त नक्षत्र शाम 5 बजकर 38 मिनट तक रहेगा, इसके साथ ही ध्रुव योग का संयोग भी बन रहा है। इसके साथ ही मंगल का गोचर भी मीन राशि में होगा। ज्योतिष शास्त्र के नजरिए से ये संयोग बेहद खास हैं, इनमें पूजा करने से विशेष फलों की प्राप्ति होगी। मंगल ग्रह की वजह से आ रही समस्याएं दूर होंगी।

### 2026 में बन रहे विशेष योग

हनुमान जन्मोत्सव के दिन पूजा के लिए कई शुभ समय उपलब्ध हैं, जिसमें सुबह का शुभ मुहूर्त 6 बजकर 10 बजे से 7 बजकर 44 बजे तक, शाम का मुहूर्त सुबह 6 बजकर 39 बजे से 8 बजकर 06 बजे तक, ब्रह्म मुहूर्त लगभग 4 बजकर 38 बजे से 5 बजकर 24 बजे तक और अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12 बजे से 12 बजकर 50 बजे तक रहेगा।

---

# कॉलेज की समस्याओं पर सौंपा एबीवीपी ने ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री आयुष जायसवाल के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं का एक प्रतिनिधिमंडल कॉलेज पहुंचा। इस दौरान प्राचार्य कक्ष में पहुंचकर विद्यार्थियों ने कॉलेज में लंबे समय से चली आ रही विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा की और उनके शीघ्र निराकरण की मांग की।

छात्रों ने प्रमुख रूप से पीने के पानी की कमी, गर्ल्स एवं बॉयज़ वॉशरूम की साफ-सफाई और नियमित मेंटेनेंस की समस्या को उठाया। साथ ही छात्राओं ने गर्ल्स वॉशरूम में सेनेटरी पैड की उपलब्धता सुनिश्चित करने और वॉशरूम में गेट नहीं होने से हो रही असुविधा को भी प्रमुख मुद्दा बताया। कार्यकर्ताओं ने प्राचार्य को ज्ञापन सौंपते हुए सभी समस्याओं पर जल्द से जल्द कार्रवाई करने की मांग की। इस दौरान संगठन ने स्पष्ट किया कि यदि समस्याओं का समाधान समय पर नहीं किया गया तो आगे उग्र आंदोलन भी किया जा सकता है। एबीवीपी ने कहा कि उनका उद्देश्य विद्यार्थियों के हितों की रक्षा करना है और कॉलेज में सुरक्षित व स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता है।

## खबर संक्षेप



### सेंट जेवियर्स हाईस्कूल में 'समर फिएस्टा 2026' का समापन

**कोण्डागांव।** शहर के सेंट जेवियर्स हाई स्कूल में आयोजित समर फिएस्टा 2026 का समापन समारोह 29 मार्च को उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। आठ दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर में विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। समापन समारोह विद्यालय प्रांगण में आयोजित किया गया, जहां विद्यार्थियों और शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी रही। शिविर के दौरान खेल, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास किया गया। कार्यक्रम का संचालन अंचल तिवारी द्वारा किया गया। समापन समारोह में विद्यार्थियों के बीच उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला।

### आपदा पीड़ित परिवारों को 8 लाख की सहायता

**जगदलपुर।** कलेक्टर आकाश छिकारा द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवार को 8 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके तहत तहसील बास्तानार के ग्राम बरछेपाल निवासी लखमू की मृत्यु पानी में डुबने से पत्नी आयते को और तहसील लोहण्डीगुड़ा ग्राम इरिकपाल निवासी घीनू की मृत्यु पानी में डुबने से पत्नी चमेली बाई को चार-चार लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

### महावीर जन्म कल्याणक पर श्रद्धा का संगम



**जगदलपुर।** भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के पावन अवसर पर शहर में धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों की श्रृंखला के तहत ओसवाल जैन समाज द्वारा भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रथम चरण में वाटर फ्रंट सोसाइटी में "एक शाम प्रभु महावीर के नाम" भक्ति संध्या श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित हुई। दीप प्रज्वलन और महिला मंडल द्वारा नवकार मंत्र के मधुर गायन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। डोंगरगांव से पधारे गायक सुमित लोढ़ा एवं उनकी टीम ने भजनों की मनमोहक प्रस्तुति देकर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। द्वितीय चरण में ओसवाल भवन में कुशल महिला मंडल द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 20 प्रतिभागियों ने भाग लेकर अपनी सृजनात्मकता का प्रदर्शन किया। ग्रुप ए में दीक्षा तातेड़ एवं नेहा तातेड़ प्रथम, छवि टाटिया एवं रूपल टाटिया द्वितीय तथा मानसी टाटिया एवं छाया टाटिया तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं ग्रुप बी में आराध्या कागोत एवं शिवि कागोत ने प्रथम तथा निविका दुग्गड़ एवं रूही दुग्गड़ ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। भक्ति संध्या में लक्की ड्रा का भी आयोजन किया गया।

### 40 वर्षों तक सेवा देने वाले कोटवार बुधु का निधन

**फरसगांव।** ग्राम फरसगांव निवासी एवं कोटवार रहे बुधु नेताम (70 वर्ष) का सोमवार की सुबह स्वास्थ्य खराब होने के चलते निधन हो गया। बुधु नेताम ने लगभग 40 वर्षों तक ग्राम पंचायत से लेकर नगर पंचायत बनने तक निरंतर अपनी सेवाएं दीं। अपनी ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और सरल स्वभाव के कारण वे क्षेत्र में एक सम्मानित व्यक्ति के रूप में जाने जाते थे। उनके योगदान को गांववासी हमेशा याद रखेंगे। उनके निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उनके परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की है।

# योजनाओं के माध्यम से लोगों को रोजगार व स्वरोजगार के अवसर कराएं उपलब्ध

## कलेक्टर ने साप्ताहिक समय-सीमा की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ योजनाओं और निर्माण कार्यों की समीक्षा

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

समयसीमा की बैठक में कलेक्टर ने कहा कि योजनाओं के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराएं जाएं। कृषि, पशुपालन, मत्स्यपालन एवं उद्यानिकी विभाग को आजीविका से जुड़े कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। सार्वजनिक वितरण प्रणाली की समीक्षा करते हुए खाद्य विभाग को आपदाग्रस्त क्षेत्रों में पर्याप्त राशन भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को धान उठाव कार्य में तेजी लाने के लिए कहा।



### प्रमुख योजनाओं की प्रगति पर चर्चा

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम सूर्य घर योजना, किसान सम्मान निधि, पोषण अभियान, जल जीवन मिशन एवं होम स्टे योजना की समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने एकता का दिया संदेश

# पाम संडे पर उमड़ा आस्था का सैलाब खजूर की डालियों के साथ निकली रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ चर्चों में विशेष प्रार्थना सभाएं की गईं आयोजित

पाम संडे के अवसर पर शहर में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत माहौल देखने को मिला। शहर की विभिन्न चर्चों से निकली रैलियों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूरा शहर होसन्ना–होसन्ना तथा प्रभु यीशु के जयघोष से गूंज उठा। पाम संडे के पावन अवसर पर श्रद्धालु हाथों में खजूर पाम की डालियां लेकर प्रभु यीशु के यरूशलेम प्रवेश की स्मृति में रैली में शामिल हुए। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने एक साथ चलकर आस्था और एकता का संदेश दिया।

इस अवसर पर शहर के विभिन्न चर्चों में विशेष प्रार्थना सभाएं आयोजित की गईं। फादर और धर्मगुरुओं ने प्रभु यीशु के जीवन, उनके त्याग और प्रेम के संदेश पर प्रकाश डालते हुए सभी को सेवा, करुणा और क्षमा का मार्ग अपनाने की प्रेरणा दी। रैली के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। धार्मिक गीतों और प्रार्थनाओं के बीच वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। बच्चों और युवाओं की भागीदारी ने कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना दिया।



### शांति, प्रेम और भाईचारे का संदेश

पाम संडे का यह पर्व प्रभु यीशु के यरूशलेम आगमन की याद में मनाया जाता है, जो शांति, प्रेम और विनम्रता का प्रतीक है। कार्यक्रम के माध्यम से समाज में भाईचारे और सद्भाव का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रशासन और पुलिस द्वारा सुरक्षा एवं यातायात की बेहतर व्यवस्था की गई, जिससे आयोजन शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ। कोंडागांव में पाम संडे का यह आयोजन आस्था, एकता और प्रेम का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आया।

# चलते ट्रक से गिरीं बोरियां, रोड में गिरे धान के लिए मची लूट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

■ बोरी, बाल्टी सहित अन्य बर्तनों में भरने से जाम की स्थिति बनी

नगर के साप्ताहिक बाजार के दिन फरसगांव-रांधना रोड में सोमवार को उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब धान की बोरियों से भरे एक ट्रक से अचानक 4-5 बोरी सड़क पर गिर गईं और फट गईं। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों की भीड़ जमा हो गई। गिरे हुए धान को उठाने लोगों में होड़ मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, धान गिरते ही लोग बाल्टी, बोरी और अन्य बर्तनों के साथ बटोरने में जुट गए। देखते ही देखते सड़क पर भारी भीड़ लग गई, जिससे करीब 5 बजे यातायात बाधित हो गया और जाम की स्थिति बन गई। सूचना मिलते ही फरसगांव थाना पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाइश देकर सड़क खाली करवाया। पुलिस की मशक्कत के बाद जाम खुलवाया गया और यातायात सामान्य हो सका। इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है, लेकिन कुछ समय के लिए बाजार क्षेत्र में अव्यवस्था का माहौल बना रहा।

# आइकॉनिक ऑफ बस्तर 2026 बना प्रतिभाओं का शानदार मंच, कांकेर में फैशन का जलवा






हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

बस्तर के प्रवेश द्वार के रूप में पहचान रखने वाले कांकेर शहर ने एक बार फिर अपनी सांस्कृतिक समृद्धि और आधुनिकता का अनूठा संगम प्रस्तुत किया। आइकॉनिक ऑफ बस्तर 2026 फैशन शो ने न केवल स्थानीय प्रतिभाओं को मंच दिया, बल्कि पूरे क्षेत्र में फैशन और कला की नई ऊर्जा भी भर दी। रंग-बिरंगे परिधानों, आत्मविश्वास से भरे रैंप वॉक और दर्शकों की तालियों की गूंज के बीच यह आयोजन यादगार बन गया।

बीबी फाउंडेशन की डायरेक्टर एवं फाउंडर क्षमा बंजारे और एएस फाउंडेशन की अर्पिता सिंह के कुशल नेतृत्व में 28 मार्च को आयोजित आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हस्तशिल्प विकास बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत के अलावा विशिष्ट अतिथियो में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अरुण कौशिक, विजयालक्ष्मी कौशिक सहित कई गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ा दी। प्रतियोगिता को किड्स, टीन, मिस, मिस्टर और मिसेस श्रेणियों में विभाजित किया गया था। प्रतिभागियों ने छत्तीसगढ़ी पारंपरिक लुक, इंडियन ब्राइडल और टैलेंट राउंड जैसे विविध चरणों में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ग्रूमिंग एक्सपर्ट प्रियांशु सोनकर के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों का आत्मविश्वास रैंप पर साफ झलक रहा था।

मुख्य अतिथि शालिनी राजपूत ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि बस्तर की समृद्ध संस्कृति को फैशन के माध्यम से प्रस्तुत करना एक प्रेरणादायक प्रयास है। आयोजकों ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य स्थानीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर तक पहचान दिलाना है। कार्यक्रम के अंत में सभी विजेताओं को क्राउन, मोमेंटो, मेडल और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

### विजेताओं की हुई घोषणा

कड़े मुकाबले के बाद विजेताओं की घोषणा की गई, जिसमें किड्स श्रेणी में रियांशी सोडी, टीन में महक तिवारी, मिस में प्रिया धीमन, मिस्टर में कासिम खान और मिसेस में नेहा साहा ने खिताब अपने नाम किया, वहीं विशेष खिताब डीवा ऑफ बस्तर गायत्री मानिकपुरी और प्राइड क्वीन ऑफ बस्तर वर्षा बंजारे को मिला।

## पेज 9 के शेष

### शादी का झांसा देकर...

टालमटोल करने लगा, जिसके बाद मामला पुलिस तक पहुंचा। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गई। जांच के दौरान सूचना मिली कि आरोपी ग्राम माकडीखूना में ड्राइवर का काम कर रहा है। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार कर लिया, जिसके बाद 29 मार्च 2026 को उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया, जिसे न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया। कार्यवाही करने में कांकेर थाना प्रभारी आईपीएस प्रतिक दादासाहेब, उपनिरीक्षक सुरेन्द्र मानिकपुरी, सउनि भुनेश्वरी भगत, आरक्षक राकेश बघेल, आरक्षक शैलेन्द्र चतुर्वेदी, शिवप्रसाद नेताम की अहम भूमिका रही।

### साधुमिचगांव–ओडाहुर-गरदा मार्ग...

इससे बच्चों की शिक्षा, मरीजों की स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच और किसानों के लिए बाजार तक आवागमन आसान हो जाएगा। ग्रामीणों ने वर्षों से लंबित इस मांग के पूरा होने पर प्रसन्नता जताई और सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। उनका मानना है कि सड़क बनने से क्षेत्र में व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। वक्ताओं ने यह भी रेखांकित किया कि प्रधानमंत्री सड़क योजना ग्रामीण क्षेत्रों को मुख्य मार्गों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। यह योजना न केवल बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करा रही है, बल्कि लोगों के जीवन स्तर को भी बेहतर बना रही है। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने की अपेक्षा जताई है। निश्चित ही, यह सड़क परियोजना क्षेत्र के लिए विकास के नए द्वार खोलेगी और साधुमिचगांव से ओडाहुर-गरदा तक का यह मार्ग आने वाले समय में प्रगति की पहचान बनेगा। इस अवसर पर ग्राम पटेल मानक लाल गावड़े, मेंघनाथ दुग्गा, शिरो कोमरे, सरपंच मुकेश गावड़े, उपसरपंच राकेश जाड़े, पूर्व सरपंच नरसिंह गावड़े सहित कई जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# छात्रसंघ चुनाव की मांग, एनएसयूआई ने राज्यपाल के नाम प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ मांग शीघ्र पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी



एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष ने कांकेर पीजी कालेज के प्राचार्य को राज्यपाल के नाम से ज्ञापन सौंपा गया। इसके अलावा अन्य कालेज के प्राचार्यो को भी ज्ञापन दिया गया। एनएसयूआई संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही छात्र संघ चुनाव बहाल नहीं किए गए चरणबद्ध आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन द्वारा भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य के माध्यम से छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान संगठन ने प्रदेश के सभी महाविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव की बहाली की मांग को प्रमुखता से उठाया। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष सुमित राय के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि विगत कई वर्षों से छात्र संघ चुनाव नहीं कराए जाने के कारण छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों का लगातार हनन हो रहा है।

चुनाव नहीं होने से छात्रों की समस्याएं प्रभावी रूप से प्रशासन तक नहीं पहुंच पा रही हैं, जिससे छात्र समुदाय में असंतोष बढ़ रहा है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि छात्र संघ चुनाव छात्रों को नेतृत्व, जिम्मेदारी और लोकतांत्रिक मूल्यों का अनुभव प्रदान करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। संगठन ने मांग की है कि प्रदेश के सभी महाविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव जल्द से जल्द, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से कराए जाएं तथा चुनाव कार्यक्रम की शीघ्र घोषणा की जाए। ज्ञापन सोंपने के दौरान एनएसयूआई जिला महासचिव हर्ष राज ठाकुर, जिला सचिव आयुष गिरी एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं भारी संख्या में उपस्थित हुए।

### महाविद्यालयों में चुनाव बहाल करने के लिए भानुप्रतापपुर में सौंपा ज्ञापन



**भानुप्रतापपुर।** एनएसयूआई भानुप्रतापपुर द्वारा शासकीय महर्षि वाल्मीकि महाविद्यालय प्राचार्य डा रश्मि सिंह को ज्ञापन सौंपा गया। एनएसयूआई पूर्व विधानसभा अध्यक्ष रविन्द्र कड़ियांम ने कहा कि महाविद्यालयों के छात्र छात्राएं हैं। विगत कई वर्षों से छात्र संघ चुनाव नहीं कराए जाने के कारण छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों का लगातार हनन हो रहा है। यह स्थिति छात्रों की आवाज़ को दबाने का कार्य कर रही है, जिसे अब छात्र संगठन अब किसी भी स्थिति में स्वीकार करने को तैयार नहीं है। ब्लॉक अध्यक्ष योगेश यादव ने कहा कि छात्र संघ चुनाव केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि छात्रों के अधिकार, सम्मान और भागीदारी की बुनियाद है। इस अवसर पर महाविद्यालय अध्यक्ष अनुराग साहू, उपाध्यक्ष बिरेंद्र टेकाम, अजय उसेंडी, शंकर दुग्गा, आशीष कोमरा, कुणाल टेकाम, सुशांत जैन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### दुर्गूकोंदल में प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन



**दुर्गूकोंदल।** एनएसयूआई दुर्गुकोंदल इकाई ने शासकीय कंगलू कुम्हार महाविद्यालय दुर्गुकोंदल में ज्ञापन सौंपकर छात्र संघ चुनाव पुनः प्रारंभ कराने की मांग की। ब्लॉक अध्यक्ष नंद कुमार नेताम ने कहा कि महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं पिछले कई वर्षों से छात्र संघ चुनाव से वंचित हैं, जिससे उनके लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन हो रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव नहीं होने से छात्रों की आवाज दब रही है, जिसे अब संगठन किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं करेगा। ब्लॉक उपाध्यक्ष अजय उसेंडी ने अपने वक्तव्य में कहा कि छात्र संघ चुनाव केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि छात्रों के अधिकार, सम्मान और सहभागिता का आधार है। प्रशासन से शीघ्र आवश्यक निर्देश जारी कर चुनाव प्रक्रिया शुरू करने की मांग की। ज्ञापन सौंपने के दौरान रविन्द्र कड़ियांम, भूपेंद्र जैन, देव कुमार उसेंडी, योगेश जैन, जयसिंह जूरी, राहुल नाग, नीलम पुड़ो, डिम्पल उसेंडी, प्राची नरेटी सहित छात्र संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### एलपीजी गैस एवं पेट्रोल डीजल की उपलब्धता नियंत्रण कक्ष स्थापित

**कोण्डागांव।** जिले में एलपीजी, पेट्रोल, डीजल एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। नागरिकों की सुविधा के लिए नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक जारी किया गया है। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार खाद्य विभाग द्वारा यह व्यवस्था लागू की गई है। राजस्व एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों की संयुक्त समिति का गठन किया गया है, जो आपूर्ति व्यवस्था की नियमित समीक्षा करेगी। समिति एलपीजी गैस, पेट्रोल–डीजल एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता और वितरण प्रणाली की निगरानी करेगी। घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग एवं अन्य दुरुपयोग के मामलों में नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

### ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम के मुख्य आतिथ्य में जिला पंचायत संसाधन केन्द्र कोण्डागांव में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान का शुभारंभ किया गया। संस्थान के पहले चरण में स्व सहायता समूह की 32 महिलाओं के लिए बैंक सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता शोरी, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। विधायक श्री टेकाम ने कहा कि यह संस्थान आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और ग्रामीणों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाएगा। कलेक्टर ने कहा कि महिलाओं के प्रशिक्षण से शुरुआत होना सकारात्मक कदम है, जिससे उन्हें रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। इस पहल से जिले में स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे और महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

## खबर संक्षेप

### ग्रामीणों से भेंट कर समस्याओं पर की चर्चा



**घाटलोहंगा।** बस्तर विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपनेता प्रतिपक्ष लखेश्वर बघेल के ग्राम पंचायत नलपावंड आगमन पर स्थानीय माता-बहनों, ग्राम प्रमुखों एवं ग्रामीणों द्वारा पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूरे क्षेत्र में उत्साह एवं श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। विधायक ने क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित चैत्र मास के धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों जैसे बस्तर की पारंपरिक जात्रा, मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा, चैत्र मेला आदि में सहभागिता की। उन्होंने ग्रामीणों से आत्मीय भेंट कर क्षेत्र की समस्याओं एवं सांस्कृतिक परंपराओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि बस्तर की पहचान उसकी समृद्ध संस्कृति, परंपरा और देवी-देवताओं के प्रति अटूट आस्था से है, जिसे सहेजकर रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। पूर्व में सरकार द्वारा इन परंपराओं को संरक्षित करने की जो भावना थी, वह अब जमीनी स्तर पर कमजोर होती दिखाई दे रही है, जिसे पुनः सशक्त करने की आवश्यकता है।
ग्राम पंचायत नलपावंड में बिलई माता मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुए, जहां उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस दौरान रतन कश्यप,मनीराम, दुर्जन कश्यप, दयनाथ कश्यप, ललित कश्यप,मोहन झाली,हेमराज भारती, जितेंद्र तिवारी, राजेश कुमार, हरदास बघेल, तुलसी राम ठाकुर, नीलम कश्यप, गुड्डू एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### ऑटो संघ ने सुनी मन की बात



**दरभा।** मन की बात के 132 वां एपिसोड को ऑटो संघ ने सुना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 29 मार्च मन की बात के 132वें एपिसोड में जनभागीदारी, सांस्कृतिक विरासत और जल संरक्षण पर जोर दिया। उन्होंने देश की पांडुलिपियों को संरक्षित करने के लिए ज्ञान भारतम सर्वे पहल का जिक्र किया और गर्मी से पहले जल संचय के लिए सामुदायिक प्रयासों की सराहना की। जगदलपुर विधानसभा के बस स्टैंड सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड 46 में ऑटो संघ के सदस्यों के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने इस प्रेरणादायक संवाद को सुना। पीएम ने पांडुलिपियों को डिजिटल रूप से सहेजने के लिए ज्ञान भारतम अभियान की प्रशंसा की, जो ज्ञान की परंपरा को अगली पीढ़ी तक ले जाएगा। गर्मी के मौसम को देखते हुए पीएम ने देश भर में 50 लाख कृत्रिम वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर के निर्माण और समुदाय-आधारित जल संरक्षण के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अतिथि आशुतोष पांडे, कार्यक्रम प्रभारी दिलीप सुंदरानी, बाबुल नाग, विक्रम कर्ण, विपिन यौगिक, शिंचू कश्यप, आकाश, मानु, संजू, टकलू, सोनू, शेरू उपस्थित रहें।

### सेवानिवृत्त व्याख्याता नीता सुरटी को विदाई



**बीजापुर।** जिले के शिक्षा विभाग में लंबे समय तक सेवाएं देने वाली सेवानिवृत्त कर्मचारी नीता सुरटी (व्याख्याता) को आज सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। इस अवसर पर कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा उन्हें शॉल, श्रीफल एवं पेंशन प्रमाण पत्र भेंट कर उनके स्वस्थ, सुखद एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। कलेक्टर ने कहा कि सुरटी ने अपने कार्यकाल के दौरान निष्ठा, समर्पण एवं ईमानदारी के साथ शासकीय सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनकी कार्यशैली, अनुशासन एवं अनुभव आने वाली पीढ़ी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बने रहेंगे।

### मुख्यमंत्री के नेतृत्व में ऐतिहासिक मेगा सुपर स्पेशलिटी हेल्थ कैंप

# 6400 लोगों को मिला उपचार

## 3700 ग्रामीणों को बस से लाकर कराया गया इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

- सुकमा के जंगलों से मिनी स्टेडियम तक पहुंची स्वास्थ्य सेवा
- मेगा सुपरस्पेशलिटी कैंप बना गरीबों के लिए वरदान

छत्तीसगढ़ सरकार के जनकल्याणकारी संकल्प और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के संवेदनशील नेतृत्व में सुकमा जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया। जिले के मिनी स्टेडियम में 28 एवं 29 मार्च को आयोजित जिलास्तरीय मेगा सुपरस्पेशलिटी हेल्थ कैंप ने हजारों जरूरतमंदों के जीवन में उम्मीद की नई रोशनी भर दी। यह शिविर केवल एक स्वास्थ्य कार्यक्रम नहीं, बल्कि सरकार और प्रशासन की मानवीय सोच का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आया, जिसमें दूरस्थ वनांचल के ग्रामीणों तक इलाज पहुंचाने का असाधारण प्रयास किया गया।

दो दिवसीय इस विशाल आयोजन में जिले के कुल 6400 नागरिकों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। पहले दिन 4700 और दूसरे दिन 1700 मरीजों ने विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श लिया और इलाज कराया। शिविर में हृदय रोग, हड्डी रोग, स्त्री रोग, पेट संबंधी रोग, किडनी, कैंसर, बाल रोग, श्वास रोग जैसी गंभीर बीमारियों के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम मौजूद रही। एक ही स्थान पर इतने बड़े स्तर पर




विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा मिलने से आम नागरिकों में उत्साह और भरोसा देखने को मिला। इस शिविर की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि दूरस्थ नक्सल प्रभावित जंगल और पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाले मरीजों को भी प्रशासन ने मुख्यधारा की स्वास्थ्य सुविधा से जोड़ा। जिला प्रशासन के सहयोग से संचालित मुख्यमंत्री बस सेवा, एम्बुलेंस, हक्कुम मेल एवं हर्ष ट्रैवल बस के माध्यम से लगभग 3,700 ग्रामीणों को शिविर स्थल तक लाया गया और इलाज के बाद सुरक्षित घर तक पहुंचाया गया। बसों ने लगातार कई राउंड लगाकर यह साबित कर दिया कि प्रशासन की प्राथमिकता सिर्फ आयोजन नहीं, बल्कि हर मरीज तक सुविधा पहुंचाना है।

***प्रभारी मंत्री ने किया शुभारंभ, कलेक्टर-एसपी ने स्वयं मरीजों से की बातचीत***

इस स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने किया। वहीं अंतिम दिन कलेक्टर अमित कुमार, एसपी किरण चव्हाण एवं जिला सीईओ मुकुन्द ठाकुर स्वयं शिविर में पहुंचे और मरीजों से चर्चा कर उनकी समस्याओं को जाना। कलेक्टर री अमित कुमार ने ग्रामीणों से पूछा कि शिविर से उन्हें लाभ मिल रहा है या नहीं, दवाइयां मिल रही हैं या नहीं। ग्रामीणों ने प्रशासन की पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्हें तुरंत इलाज और निःशुल्क दवाइयां मिल रही हैं।

### 31 काउंटर, सुव्यवस्थित व्यवस्था और 40 विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवा

मिनी स्टेडियम में मरीजों की सुविधा हेतु 31 अलग-अलग काउंटर बनाए गए थे। व्यवस्था इतनी अनुशासित और व्यवस्थित रही कि मरीजों को कतार में लगकर आसानी से जांच और परामर्श मिल सका। शिविर में लगभग 40 विशेषज्ञ डॉक्टरों ने सेवाएं दीं। विशेष रूप से बैंगलोर मेडिकल कॉलेज, मैसूर मेडिकल कॉलेज और मणिपाल मेडिकल कॉलेज के अनुभवी डॉक्टरों की उपस्थिति ने शिविर की गुणवत्ता को और अधिक प्रभावशाली बनाया।

### जनसेवा की मिसाल

पोलमपल्ली निवासी भारती यादव ने कहा कि सुकमा जैसे दूरस्थ जिले में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी रहती है, लेकिन इस शिविर ने उन्हें बड़ी राहत दी। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं पुनर्वास केंद्र के मीडियम भीमा और वेट्टी बुधु ने कहा कि इस शिविर में न केवल जांच हुई बल्कि दवाइयां भी मुफ्त में मिलीं, जिससे उन्हें आर्थिक बोझ से राहत मिली।

### शिविर का हुआ समापन

यह शिविर साबित करता है कि जब सरकार की नीति जनहित और प्रशासन की सोच मानवता पर आधारित हो, तब दूरस्थ क्षेत्रों में भी बड़े बदलाव संभव हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में आयोजित यह शिविर सुकमा जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक नई शुरुआत और विश्वास की मजबूत नींव बनकर उभरा है। कार्यक्रम के सफल संचालन में एनटीआर चैरिटेबल ट्रस्ट का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सेवा देने वाले सभी डॉक्टरों को सम्मान स्वरूप मोमेंटो और प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

## युवा चरित्र, अनुशासन और परिश्रम को अपने जीवन में आत्मसात करेः विधायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा/भोण्ड

आज बीजागुड़ा स्थित अलेख महिमा शरणम आश्रम में भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन बस्तर विधायक एवं छत्तीसगढ़ के उपनेता प्रतिपक्ष लखेश्वर बघेल के सानिध्य में विधिवत रूप से सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाज प्रमुख, ग्रामीण एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि अदम्य साहस, नव-निर्माण, युवा जोश, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रनीति ही देश के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला हैं युवाओं का आह्वान करते हुए स्वामी विवेकानंद के संदेश उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुको को अपनाने की बात कही। बघेल ने कहा कि युवाओं में अपार ऊर्जा और साहस होता है, जो राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी ताकत है युवा यदि सही दिशा, सकारात्मक सोच और मजबूत संकल्प के साथ आगे बढ़ें तो समाज में व्यापक परिवर्तन ला सकते हैं। युवाओं से चरित्र, अनुशासन और परिश्रम को अपने जीवन में आत्मसात करने की अपील की साथ ही कहा अपनी पहचान खुद बनाओ, दुनिया पहचान की मोहताज है। युवाओं को स्वार्थ से ऊपर उठकर राष्ट्रहित को प्राथमिकता देने का संदेश भी उन्होंने दिया।

भूमिपूजन के पश्चात उन्होंने आश्रम परिसर में आयोजित समाज प्रमुखों की बैठक में भी शामिल हुए। इस बैठक में भतरा समाज, देवांगन समाज एवं विश्वकर्मा समाज के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में आगामी 14 अप्रैल को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर तीनों समाज के सामुदायिक भवनों के लोकार्पण कार्यक्रम को विधायक की गरिमामयी उपस्थिति में

## कलेक्टर ने नए सत्र में संस्था के संचालन के लिए दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर




कार्यालय के इन्द्रावती सभाकक्ष में कलेक्टर संबित मिश्रा की अध्यक्षता में आदिवासी विकास विभाग बीजापुर द्वारा जिले में संचालित आश्रम-छात्रावासों के अधीक्षक, अधीक्षिकाओं का बैठक आयोजित किया गया। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नम्रता चौबे सहायक आयुक्त आदिवासी विकास देवेन्द्र सिंह सहित विकास खण्ड से समस्त मण्डल संयोजक एवं आश्रम, छात्रावासों के अधीक्षक, अधीक्षिकाएं एवं कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी बीजापुर के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि नये शैक्षणिक सत्र 2026-27 में जिन बच्चों के गांव में शासकीय विद्यालय उपलब्ध है, उनका प्रवेश उसी गांव में स्थित विद्यालय में कराया जाए। ऐसे विद्यार्थियों का आश्रम/छात्रावास में प्रवेश न लिया जाए जिन्हे उनके निकटस्थ गांव के विद्यालय में प्रवेश दिया जाये। शाला त्यागी एवं दुर्गम क्षेत्र के बच्चों प्राथमिकता के आधार पर जिला कार्यालय के अनुमति के पश्चात प्रवेश दिया जा सकता है। अन्य जिले के बच्चों को जो वर्तमान में विभागीय आश्रम/छात्रावास में निवासरत है उन छात्रों को नवीन सत्र में उनके मूल गृह जिला में स्थानांतरण किया जाये एवं बच्चों की उसकी सूची 8 अप्रैल तक मण्डल संयोजक के माध्यम से कार्यालय को उपलब्ध कराये। सत्र 2026-27 में विभागीय आश्रम/छात्रावासों में प्रवेश लेते समय इस बात का विशेष ध्यान दिया जाये, किसी भी स्थिति में स्वीकृत सीट से अधिक छात्रों को प्रवेशित नहीं दिया जाये। आश्रम/छात्रावासों में सभी अधीक्षकों को निर्देशित किया गया है कि आश्रम-छात्रावास में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं जो लम्बे समय से अनुपस्थित है उनके पालकों से संपर्क स्थापित कर छात्रावास में वापस आने हेतु सुझाव करें एवं नहीं आने की स्थिति में आश्रम/छात्रावास संचालन नियमावली के तहत कार्यवाही सुनिश्चित करें। आश्रम/छात्रावास में सुरक्षा की दृष्टि से संस्था आने एवं जाने वाले व्यक्तियों का विवरण आगंतुक पंजी में आवश्यक रूप से इन्द्राज किया जाए।

### युवाओं को रोजगार से जोड़ने की पहल, नेशनल कैरियर सर्विस पोर्टल

**दंतेवाड़ा।** भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा संचालित नेशनल कैरियर सर्विस पोर्टल आज के डिजिटल दौर में नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं के लिए एक प्रभावी मंच के रूप में उभर रहा है। यह पोर्टल युवाओं को नौकरी, करियर परामर्श एवं कौशल विकास से जुड़ी सभी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराता है, जिससे उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त हो सकें। इस पोर्टल के माध्यम से निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्र की नौकरियों की जानकारी, रोजगार मेलों की सूचना, व्यावसायिक मार्गदर्शन, स्किल कोर्स एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों तक आसानी से पहुंच बनाई जा सकती है। इच्छुक अभ्यर्थी मुफ्त पंजीकरण कर अपनी प्रोफाइल तैयार कर सकते हैं, जिसके आधार पर नियोक्ताओं द्वारा उपलब्ध कराई गई रिक्तियों से उनका मिलान किया जाता है। नेशनल कैरियर सर्विस पोर्टल पर करियर काउंसलिंग की सुविधा भी उपलब्ध है, जहां मान्यता प्राप्त काउंसलर्स द्वारा ऑनलाइन एवं ऑफलाइन मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है।

## परीक्षा व मूल्यांकन केंद्र का एबीईओ ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

संयुक्त संचालक शिक्षा बस्तर संभाग के निर्देशानुसार राज्य ओपन परीक्षा केंद्र उमावि भानपुरी का औचक निरीक्षण सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार तिवारी द्वारा किया गया। आज 10वीं में अंग्रेजी विषय की परीक्षा संचालित होना पाया गया। पंजीकृत 22 प्रतिभागियों में 2 अनुपस्थित पाए गए , 20 विद्यार्थी उपस्थित पाए गए। परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में होना पाया गया। कोई नकल प्रकरण नहीं पाया गया। वही अधिकारी द्वारा केंद्रीकृत बोर्ड परीक्षा 8वीं का भी निरीक्षण किया गया। आज सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा चल रही थी। सभी विद्यार्थी उपस्थित पाए गए । आज से ही 5वीं का मूल्यांकन कार्य भी प्रारम्भ किया गया। भानपुरी बालक को मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है। साथ ही कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल को भी 5वी का मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है, जिसमे संकुल स्तर से टीचरों की नियुक्ति की गई है व आश्रित संकुल समन्वयको को सहायक के रूप में नियुक्त किया गया है। समय सीमा में मूल्यांकन कार्य पूर्ण किया जा सके इसके लिये व्यापक तैयारी की गई है। पर्याप्त मूल्यांकनकर्ता व सहायकों की डयूटी प्रत्येक मूल्यांकन केंद्र में लगाई जा चुकी है। मूल्यांकन प्रभारी संस्था के प्राचार्य होंगे। अधिकारी द्वारा भानपुरी मूल्यांकन केंद्र का भी अवलोकन किया गया। सभी व्यवस्था चाक चौबंद पाई गई। मूल्यांकन कार्य प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से सांय 5 बजे तक है। उन्होंने बताया कि उनका सतत निरीक्षण मूल्यांकन की समाप्ति तक निरन्तर जारी रहेगा।



## विद्यार्थियों में नवाचार व उद्यमिता को दिया गया प्रोत्साहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दंतेवाड़ा में इनोवेशन महाकुंभ 1.0 कार्यक्रम का आयोजन उत्साह एवं गरिमा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नवाचार, उद्यमिता तथा स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम में शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर के कुलपति प्रोफेसर मनोज कुमार श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ शंकर त्रिपाठी प्रांत पूर्णकालिक, स्वावलंबी भारत अभियान, डॉ. विनोद सोनी सहायक प्राध्यापक, वानिकी एवं डॉ. सुरेंद्र द्विवेदी अतिथि व्याख्याता भी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का महाविद्यालय परिवार द्वारा स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव एवं शंकर त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नवाचार



को सफलता की कुंजी बताया। उन्होंने छात्रों को नए विचार विकसित करने, समस्याओं के समाधान खोजने तथा आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। साथ ही युवाओं को अपने कौशल का उपयोग कर रोजगार सृजन की दिशा में आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. केएम प्रसाद ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा उनमें आत्मविश्वास एवं रचनात्मकता का विकास करते हैं।

## समाज के हित को मजबूत करने पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

भतरा समाज रायकेरा परगना की बैठक बकावंड ब्लॉक के ग्राम छोटेदेवड़ा बड़ेपारा दुर्गा चौक में आयोजित की गई। बैठक की शुभारंभ वीर शहीद जकरकन के छायाचित्र सेवा अर्जी करते हुए किया। इस बैठक में 26 गांव के भतरा समुदाय के लोग और समाज प्रमुख नाइक, पाईक शामिल हुए।



बैठक में समाज के हित, जागरूकता और संस्कृति को मजबूत करने पर चर्चा हुई तथा शिक्षा के महत्व पर भी जोर दिया गया। समाज के प्रतिनिधि ने बताया कि अब हर महीने इस तरह की बैठक होगी जिससे समाज के विकास में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों को एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए लड़ना होगा और शिक्षा के माध्यम से समाज को आगे बढ़ाना होगा। बैठक में उपस्थित लोगों ने समाज के विकास के लिए अपने सुझाव भी दिए। समाज के युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने और महिलाओं के लिए स्वास्थ्य और शिक्षा की सुविधाएं बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। बैठक में समाज के विकास के लिए विशेष पैकेज की मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों को अपने बच्चों को सामाजिक संस्कार रीति नीति और समाज सेवा आदि की शिक्षा देने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करना होगा।

बैठक में उपस्थित लोगों ने समाज के विकास के लिए एकजुट होकर काम करने का संकल्प लिया। आगामी बैठक 5 अप्रैल को किंजोली में रखने का निर्णय लिया गया।

## अफवाहों से दूर रहें, पेट्रोल-डीजल और गैस की आपूर्ति सामान्य : देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



जिले में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की आपूर्ति को लेकर फैल रही अफवाहों के बीच प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित हो रही हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने आमजन से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की भ्रामक खबरों पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा भ्रम का वातावरण बनाया जा रहा है,जबकि वास्तविकता यह है कि प्रशासन पूरी सजगता के साथ जनता को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने में जुटा हुआ है।

उन्होंने बताया कि जिले में ईंधन और गैस की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन लगातार निगरानी कर रहा है। उन्होंने कलेक्टर आकाश छिकारा से चर्चा कर सभी व्यवस्थाओं को मजबूत बनाए रखने पर जोर दिया है। रसोई गैस उपभोक्ताओं के लिए विभिन्न कंपनियों के हेल्पलाइन नंबर और डिजिटल माध्यम उपलब्ध हैं,जिनके जरिए आसानी से बुकिंग कराई जा सकती है। इसके साथ ही आपूर्ति या वितरण में किसी भी प्रकार की शिकायत के समाधान हेतु प्रशासन ने सशक्त सहायता प्रणाली भी तैयार की है।

उन्होंने आमजन से पुनः आग्रह किया कि ऊर्जा संकट को लेकर फैल रही अफवाहें पूरी तरह निराधार हैं और सभी सेवाएं पूर्ववत संचालित हो रही हैं। जनता को किसी भी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है और प्रशासन हर स्थिति में उनके साथ खड़ा है।

## बचेली में सुनी पीएम के मन की बात, कार्यकर्ता बूथ स्तर पर जुटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली/दंतेवाड़ा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 132वें एपिसोड का बचेली मंडल में आयोजन किया गया। मंडल अध्यक्ष अमलेंदु चक्रबर्ती के नेतृत्व में संगठन के कार्यकर्ताओं ने विभिन्न बूथों पर एकत्र होकर प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना।

वैश्विक संकट और एकता का संदेश आज के संबोधन में प्रधानमंत्री ने पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष और वैश्विक ऊर्जा संकट पर चर्चा की। उन्होंने देशवासियों को आश्वस्त किया कि भारत किसी भी चुनौती से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। पीएम ने नागरिकों से एकजुट रहने और अफवाहों से बचने की अपील की। साथ ही, उन्होंने जल संरक्षण के लिए जल संचय अभियान और अमृत



सरोवर जैसे प्रयासों की सराहना की।

बचेली में इस कार्यक्रम का प्रबंधन युवा मोर्चा जिला मंत्री और कार्यक्रम प्रभारी नरेश चौहान के हाथों में था। उनके साथ सह-प्रभारी बसंत खुर्रा और सुरेश नाग ने व्यवस्था संभाली। कार्यक्रम में मंडल कोषाध्यक्ष तथा शक्ति केंद्र प्रभारी सूरज जयसवाल, शिवदास, राजेश नाग और मीडिया प्रभारी अमित सूर्या सहित संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। युवा शक्ति की ओर से रवि स्वामी, जितेंद्र खुर्रा, महेश कश्यप और सावन कश्यप सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराई।

### सहायक शिक्षकों की अनंतिम वरिष्ठता सूची की गई जारी

**जगदलपुर।** शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक द्वारा सहायक शिक्षक एलबी (ई एवं टी संवर्ग) की प्रतीक्षित अनंतिम वरिष्ठता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। 1 अप्रैल 2025 की स्थिति के आधार पर तैयार की गई इस संभाग स्तरीय सूची में स्नातक, स्नातकोत्तर और प्रशिक्षित श्रेणी के शिक्षकों को शामिल किया गया है।

विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों से प्राप्त डेटा के संकलन के पश्चात यह सूची तैयार की गई है, जो अब शिक्षकों के अवलोकन के लिए उपलब्ध है। इस प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए विभाग ने सहायक शिक्षकों को अपनी आपत्तियां दर्ज कराने का अवसर भी प्रदान किया है।

## पिरामिड डांस ने सभी का ध्यान किया आकर्षित

**गीदम।** पीएम श्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कटेकल्याण वर्तमान संचालित जावँगा में पीएम श्री सांस्कृतिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य कुलदीप सिंह द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने विद्यालय की उपलब्धियों एवं सांस्कृतिक आयोजनों के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विभिन्न शैक्षिक संस्थानों से पधारे विशिष्ट अतिथियों ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन दिए। इनमें प्रमुख रूप से जवाहर नवोदय विद्यालय बारसुर के प्राचार्य धर्मेंद्र यादव, आस्था विद्या मंदिर के प्राचार्य बीके शर्मा, संगीत महाविद्यालय के नोडल अधिकारी सुरेश यादव, स्वामी आत्मानंद कन्या हायर सेकेंडरी के प्राचार्य अवधेश अवस्थी शामिल रहे। साथ ही एकलव्य खेल परिसर के प्रभारी रजनीश ओसवाल, एकलव्य विद्यालय कटेकल्याण एवं गीदम के समस्त स्टॉफ तथा छात्र-छात्राओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पैराडाइज स्कूल का नर्सरी से 11वीं तक के वार्षिक परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत



**कांकेर।** पैराडाइज स्कूल हायर सेकेण्डरी सीबीएसई स्कूल में कक्षा नर्सरी से ग्याहरवी के छात्र-छात्राओं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें सभी कक्षाओं का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस वार्षिक परीक्षा की परिणाम में अधिक से अधिक पालको ने भाग लेकर अपने बच्चों के वार्षिक परिणाम से संतुष्ट एवं प्रसन्न रहें। वार्षिक रिपोर्ट कार्ड एवं छात्र-छात्राओं के सर्वागीण विकास के लिए परामर्श किया एवं कक्षा में जो प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किया गया औी साथ ही जो छात्र एवं छात्राऐं कक्षा में गुड हेंड राइटिंग, क्लीन यूनिफॉर्म एवं कक्षा में हाईएस्ट अटेंडेंस में आने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र एवं अन्य विशेष पुरस्कार भी प्रदान किया गया, जिससे बच्चें आगे उत्सहपूर्वक अपने अध्ययन के साथ अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर हों सकें। इस अवसर पर प्राचार्य रश्मि रजक ने बच्चों के सर्वागीण विकास के लिए शिक्षकों को आभार प्रकट किया एवं पालकों को एवं सेकेण्डरी कक्षा के बच्चों को नए कक्षा दसवीं एवं बारहवीं सीबीएसई बोर्ड के लिए शुभकामनाए दी। इस वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित समारोह मे पालको को शिक्षकों द्वारा उनके बच्चों के विकास के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। पालको द्वारा भी अपने बच्चो के विकास एवं उनके व्यक्तित्व निर्माण के लिए शिक्षको से परामर्श किया गया।

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में सभी विषयों के परीक्षाफल उत्कृष्ट



**दुर्गुकोंदल।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भंडारडिगी दुर्गुकोंदल ने इस वर्ष भी उत्कृष्ट शैक्षणिक परिणाम प्रस्तुत कर अपनी गुणवत्ता को सिद्ध किया है। विद्यालय में कक्षा 6वीं से 11वीं तक सीबीएसई पैटर्न के अनुसार शिक्षा प्रदान की जाती है। विद्यालय के प्राचार्य बैजनाथ नरेटी ने जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा 6वीं से 8वीं तक प्रत्येक कक्षा में 60-60 विद्यार्थियों का अध्ययन होता है तथा इस वर्ष कक्षा 11वीं विज्ञान, कला एवं कॉमर्स में शत-प्रतिशत परिणाम प्राप्त हुआ है। परिणामों के अनुसार कुल 149 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी तथा 103 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। विभिन्न कक्षाओं में विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। कक्षा 6वीं में योजत नेताम ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं गुलशन कोराम 83 प्रतिशत और करीना मण्डावी 82 प्रतिशत ने क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 8वीं में वामिनी कुंजाम ने 93.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल अपनी कक्षा बल्कि पूरे विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया एवं चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी 86.16 प्रतिशत द्वितीय स्थान पर रहे।

### प्रशासनिक लापरवाही का खामियाजा श्रमिकों को उठाना पड़ रहा

# चार महीने से अटकी मजदूरी पर साधुमिच के मजदूरों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल



विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम साधुमिचगांव में वन विभाग द्वारा कराए जा रहे कूप निर्माण कार्य ने अब एक गंभीर विवाद का रूप ले लिया है। चार महीने बीत जाने के बावजूद मजदूरों को उनकी मेहनत की मजदूरी नहीं मिल पाई है, जिससे गांव में आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। मजदूरों का कहना है कि उन्होंने नियमित रूप से कार्य किया, लेकिन आज तक उन्हें पूरा भुगतान नहीं मिला, जो न केवल अन्याय है बल्कि प्रशासनिक लापरवाही का स्पष्ट उदाहरण भी है।

जानकारी के अनुसार वन विभाग के माध्यम से कूप निर्माण कार्य लगभग चार महीने पहले शुरू किया गया था। कार्य समय पर पूरा हुआ और मजदूरों ने अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभाई, लेकिन भुगतान के मामले में विभाग की सुस्ती ने उन्हें आर्थिक संकट में डाल दिया है। कई मजदूर ऐसे हैं जो अपनी दैनिक जरूरतों के लिए इसी मजदूरी पर निर्भर हैं, और भुगतान न मिलने से उनके सामने जीवनयापन की समस्या खड़ी हो गई है। इस मामले को लेकर जिला पंचायत की पूर्व अध्यक्ष शिरो कोमरे ने भी गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने इसे विभागीय लापरवाही करार देते हुए कहा कि जहां अन्य बीटों में इसी तरह के कार्यों का भुगतान समय पर कर दिया गया, वहीं साधुमिचगांव के मजदूर अब तक अपने हक से वंचित हैं। यह स्थिति अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यशैली पर सवाल खड़े करती है। उन्होने बताया कि उन्होंने इस संबंध में फॉरेस्ट गार्ड, डिप्टी रेंजर और रेंजर से चर्चा की है। अधिकारियों की सहमति से यह निर्णय लिया गया है कि एक सप्ताह के भीतर सभी मजदूरों का भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। हालांकि, मजदूरों का भरोसा अब आश्वासनों से ज्यादा ठोस कार्रवाई पर है।

**ग्रामीणों और प्रभावित मजदूरों :** प्रभावित ग्रामीण एवं मजदूर बज्जू राम जाड़े, फूलमा उइके, फगोबाई, ब्रिजबत्ती जाड़े, अखिलेश कुमार, भुनेश्वर गावड़े, बोदूराम गावड़े और हरेश गावड़े ने स्पष्ट कहा कि यदि कार्य का पैसा विभाग से निकल चुका है, तो फिर मजदूरों तक वह क्यों नहीं पहुंचा। उनका कहना है कि यह स्थिति उनके साथ खुला अन्याय है और वे लंबे समय से अपने पसीने की कमाई का इंतजार कर रहे हैं।

#### विभाग की व्यवस्था पर लगात है प्रश्नचिन्ह

जिला पंचायत की पूर्व अध्यक्ष ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मजदूर किसी भी विकास कार्य की रीढ़ होते हैं। उनके साथ इस प्रकार की अनदेखी न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि पूरी व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह लगाती है।" उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि मामले की तत्काल जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए और मजदूरों को जल्द से जल्द उनका पूरा भुगतान दिलाया जाए। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र भुगतान नहीं हुआ, तो आंदोलन किया जाएगा।

#### एक से दो दिन में हो जाएगा भुगतान

वन परिक्षेत्र अधिकारी सतीश कुमार मिश्रा ने आश्वासन दिया है कि मजदूरों का भुगतान एक-दो दिन के भीतर कर दिया जाएगा। फिलहाल, मजदूरों की निगाहें प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हैं और वे उम्मीद कर रहे हैं कि इस बार उन्हें केवल आश्वासन नहीं, बल्कि उनका हक भी मिलेगा।

## 161वीं लावारिस लाश का सम्मानजनक किया अंतिम संस्कार, मानवता की सेवा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर में इंसानियत की मिसाल एक बार फिर सामने आई, जब जन सहयोग संस्था ने अपनी सेवा परंपरा को आगे बढ़ाते हुए 161 वीं लावारिस लाश का पूरे विधि-विधान से अंतिम संस्कार कर मानवता का संदेश दिया। वर्षों से बिना किसी स्वार्थ और चंदे के यह संस्था उन अनजान लोगों को सम्मानजनक विदाई दे रही है, जिनका इस दुनिया में कोई अपना नहीं होता।

थाना कोतवाली प्रभारी द्वारा संस्था के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी को एक पत्र भेजकर लगभग 35 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति के शव के अंतिम संस्कार की अपील की गई थी। जानकारी के अनुसार यह शव माकड़ी खूना गांव के पास, माकड़ी हाईवे से करीब एक किलोमीटर दूर बागड़ पहाड़ी के नीचे खेत के पास मिला था। चार दिन पुराना शव होने के कारण पहचान संभव नहीं हो सकी, जिसके बाद पोस्टमार्टम कर उसे सुरक्षित रखा गया था। पत्र मिलते ही जन सहयोग संस्था ने अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए सोमवार की सुबह अंतिम संस्कार की पूरी व्यवस्था की। संस्था के अध्यक्ष के नेतृत्व में संस्था के सदस्यों ने विधि-विधान के साथ अज्ञात मृतक को अंतिम विदाई दी। इस कार्य में वरिष्ठ समाजसेवी मनोज दुबे, राजेश चौहान, करण नेताम, शैलेंद्र देहारी, श्रीराम पटेल, राकेश रजक, अभिषेक नागवंशी, प्रभु सलाम, पप्पू साहू सहित नायब तहसीलदार अभिषेक देवांगन, प्रधान आरक्षक शिवकुमार विसरे और त्रिलोचन यादव का सहयोग रहा।

उल्लेखनीय है कि पिछले 23 वर्षों में जन सहयोग संस्था द्वारा 161 लावारिस शवों का सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार किया जा चुका है, जिसमें कई नक्सल प्रभावित मामलों के शव भी शामिल हैं। संस्था की यह निस्वार्थ सेवा न केवल समाज में संवेदनशीलता का उदाहरण पेश करती है, बल्कि यह संदेश भी देती है कि इंसानियत आज भी जिंदा है।

## दुर्गूकोंदल की समितियों में हजारों क्विंटल धान का स्टाक, धान परिवहन में भारी सुस्ती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान का समय पर उठाव नहीं होने से दुर्गूकोंदल विकासखंड की सहकारी समितियों में गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई है। शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार 31 मार्च तक धान का उठाव पूर्ण किया जाना था, लेकिन अपेक्षा के अनुरूप उठाव नहीं हो सका, जिससे समितियों में भारी मात्रा में धान अब भी शेष पड़ा हुआ है।

जानकारी के अनुसार विकासखंड के अंतर्गत आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों दुर्गूकोंदल, कोदापाखा, कोड़ेकुर्सी, चिखली, गोडपाल, सुरंगदोह, पचागी, लोहतर सहित अन्य केंद्रों में 15 नवंबर 2025 से धान खरीदी प्रारंभ हुई थी, जो 31 जनवरी 2026 तक चली। इस अवधि में बड़ी मात्रा में धान खरीदा गया, लेकिन समय पर उसका उठाव नहीं हो सका। समितियों में धान की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। कोड़ेकुर्सी केंद्र में कुल 62,452.80 क्विंटल धान की खरीदी हुई, जिसमें से मात्र 15,710.15 क्विंटल का उठाव हुआ, जबकि 46,742.65 क्विंटल धान अभी भी शेष है। सुरंगदोह में 51,091.60 क्विंटल खरीदी में से 15,605.98 क्विंटल उठाव हुआ और 35,485.62 क्विंटल बाकी है। गोडपाल केंद्र में 40,334.80 क्विंटल खरीदी के मुकाबले केवल 6,725.71 क्विंटल उठाव हुआ, जबकि 33,609.09 क्विंटल शेष है। इसी तरह चिखली केंद्र में 48,909.20 क्विंटल में से 10,918.78 क्विंटल उठाव हुआ और 37,690.42 क्विंटल धान बचा है। पचागी में कुल 18,953.20 क्विंटल खरीदी में से 10,590.25 क्विंटल उठाव हुआ और 8,362.95 क्विंटल शेष है। लोहतर केंद्र में 20,913.20 क्विंटल खरीदी हुई, जिसमें उठाव अपेक्षाकृत कम रहा और 15,681.10 क्विंटल धान अब भी पड़ा है। कोदापाखा केंद्र में 44,109.20 क्विंटल धान खरीदी के मुकाबले उठाव कम होने से लगभग 36,000 क्विंटल धान शेष है। दुर्गूकोंदल केंद्र में 61,350.40 क्विंटल खरीदी में से केवल 21,966.07 क्विंटल उठाव हुआ है। वहीं कोड़े केंद्र में 32,638.00 क्विंटल धान खरीदी में से मात्र 3,760.38 क्विंटल का उठाव हो पाया और 28,877.62 क्विंटल धान अभी भी पड़ा हुआ है।

लैंपस प्रबंधक रवि वर्मा और संतुराम पांडे ने बताया कि धान खरीदी के बाद समय पर उठाव नहीं होने से सूखत की स्थिति बन रही है। इसके साथ ही चूहों और अन्य जीव-जंतुओं द्वारा नुकसान की आशंका भी बढ़ गई है। बेमौसम बारिश का खतरा भी बना हुआ है, जिससे धान की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है और किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक धान के भंडारण से कर्मचारियों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सुरक्षा, रखरखाव और निगरानी के लिए अतिरिक्त प्रयास

## भरीटोला राज में अध्यक्ष पद पर देव पटेल ने जीत दर्ज कर संभाली कमान



**सरोना।** कोशरिया पटेल मरार समाज भरीटोला राज में अध्यक्ष पद के लिए आयोजित चुनाव शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। इस चुनाव में समाज के सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली, जिससे सामाजिक एकता और लोकतांत्रिक परंपरा की झलक स्पष्ट रूप से सामने आई।

चुनाव प्रक्रिया सुबह से ही शुरू हो गई थी, जिसमें समाज के मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पूरे दिन मतदान का माहौल उत्सव जैसा रहा। बुजुर्गों से लेकर युवाओं तक सभी ने अपने मताधिकार का उपयोग करते हुए समाज के नेतृत्व को चुनने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मतगणना के बाद घोषित परिणामों में देव सिंह पटेल ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ते हुए अध्यक्ष पद पर विजय प्राप्त की। उनकी जीत के साथ ही समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। परिणाम घोषित होते ही उपस्थित लोगों ने तालियों और नारों के साथ उनका स्वागत किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष देव सिंह पटेल को समाज के वरिष्ठ सदस्यों, युवाओं और महिलाओं ने बधाई दी और उन्हें फूलमालाओं से सम्मानित किया। इस अवसर पर समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिन्होंने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में समाज नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। देव सिंह पटेल ने अपनी जीत के बाद सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत पूरे समाज की है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे समाज के विकास, एकता और कल्याण के लिए पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ कार्य करेंगे। साथ ही उन्होंने युवाओं को समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। समाज के वरिष्ठजनों ने भी अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के लोकतांत्रिक चुनाव समाज को मजबूत बनाते हैं और नई ऊर्जा का संचार करते हैं।

## रजिस्ट्री के बाद जमीन नजूल घोषित पर महिला ने दी बेमियादी धरने की चेतावनी



**भानुप्रतापपुर।** भानुप्रतापपुर में जमीन रजिस्ट्री के बाद नजूल घोषित किए जाने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। चार महीने पहले विधिवत खरीदी गई भूमि पर मकान बनाने की कोशिश कर रही एक महिला को जब बार-बार प्रशासनिक अड़चनों का सामना करना पड़ा, तो उसने अब अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी दे दी है। इस पूरे घटनाक्रम ने राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

मामला ग्राम भानुप्रतापपुर का है, जहां संगीता शांडिल्य ने 19 दिसंबर 2025 को प्रेमबत्ती ध्रुव से खसरा नंबर 236/23 में से 13 डिसमिल जमीन की रजिस्ट्री कराई थी। रजिस्ट्री के बाद उक्त भूमि का नया खसरा नंबर 236/49 दर्ज हुआ और नामांतरण भी उनके नाम पर हो गया। सब कुछ विधिसम्मत तरीके से पूरा होने के बाद महिला ने अपने सपनों का घर बनाने की तैयारी शुरू की, लेकिन पिछले चार महीनों से वह निर्माण कार्य शुरू नहीं कर पा रही हैं। उनका आरोप है कि राजस्व विभाग के अधिकारी उन्हें लगातार रोक रहे हैं। जब उन्होंने डायवर्जन और नक्शा पास कराने के लिए आवेदन किया, तो जमीन को विवादित और नजूल बताकर प्रक्रिया रोक दी गई। यही नहीं, अब तक उन्हें इस संबंध में कोई लिखित नोटिस भी नहीं दिया गया है। पीड़िता ने आशंका जताई है कि उनकी जमीन के पीछे राजस्व विभाग के एक कर्मचारी की भूमि है, जिसके चलते विभागीय स्तर पर दबाव बनाकर उनकी जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि यदि जमीन नजूल थी, तो उसकी रजिस्ट्री और नामांतरण आखिर कैसे हुआ।

महिला का कहना है कि यही जमीन उनके परिवार के लिए एकमात्र सहारा है। लगातार हो रही प्रशासनिक कार्रवाई से परेशान होकर उन्होंने जल्द ही शांतिपूर्ण अनिश्चितकालीन धरना शुरू करने की चेतावनी दी है।

## भारतीय संस्कृति को आत्मसात करने का दिया संदेश एवं मेधावी छात्रों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना



अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को गायत्री चेतना केन्द्र सरोना में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ देवमंच पर अतिथियों द्वारा पूजन एवं पुष्प-अक्षत अर्पण के साथ किया गया। इसके पश्चात मंचस्थ अतिथियों का तिलक एवं रोली लगाकर पारंपरिक स्वागत किया गया। वातावरण पूरी तरह सांस्कृतिक और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत नजर आया।

जिला संयोजक हरिश लोचन ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि गायत्री परिवार द्वारा यह परीक्षा प्रतिवर्ष भारत के 22 राज्यों के साथ-साथ नेपाल में भी आयोजित की जाती है। यह परीक्षा कुल 11 भाषाओं में संचालित होती है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं एवं मानवीय मूल्यों से जोड़ना है। यह परीक्षा विद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर आयोजित की जाती है। कार्यक्रम में कक्षा 5 से 12 तक के विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रावीण्य प्रमाण पत्र प्रदान किए गए और साथ ही प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को क्रमशः 500, 400 और 300 रुपए की प्रोत्साहन राशि दी गई। महाविद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को 1000 रुपए, द्वितीय को 700 रुपए एवं तृतीय को 500 रुपए प्रदान किए गए। इसके अलावा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों को स्मृति चिन्ह एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि रमेश कुमार निषाद ने कहा कि वर्तमान समय में बच्चे तेजी से पाश्चात्य संस्कृति की ओर आकर्षित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल और कॉलेजों में तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा तो दी जाती है, लेकिन भारतीय संस्कृति और नैतिक मूल्यों का ज्ञान भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने इस परीक्षा को बच्चों में संस्कार, अनुशासन और नैतिकता विकसित करने का एक प्रभावी माध्यम बताया।

विशिष्ट अतिथि तारा ठाकुर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति केवल परंपरा नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक सशक्त पद्धति है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपने दैनिक जीवन में संस्कृति और संस्कारों को अपनाकर समाज के आदर्श नागरिक बनें। इस अवसर पर गायत्री चेतना केन्द्र के संरक्षक महरसिंह मण्डावी, विकासखंड संयोजक प्रताप शोरी, कोषाध्यक्ष मोहर लाल मण्डावी, युवा संयोजक सुरेन्द्र पटेल, जनपद सदस्य चिंतामणी रामटेके, रजमन नेताम, महरसिंह मण्डावी एवं गायत्री परिजन उपस्थित रहे।

### आवश्यक वस्तु आपूर्ति के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित

**कांकेर।** पश्चिम एशिया में युद्ध की स्थिति को देखते हुए जिले में एलपीजी, डीजल, पेट्रोल एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की नियमित निगरानी एवं आपूर्ति, वितरण व्यवस्था पर सतत मॉनिटरिंग के लिए खाद्य विभाग द्वारा नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष क्रमांक 94061-51931 तथा टोल फ्री नंबर 1800-233-3663 जारी किया गया है। उक्त नंबर पर जिले के नागरिक अपनी समस्याएं दर्ज करा सकते हैं। मॉनिटरिंग के लिए सहायक खाद्य अधिकारी जन्मेजय नायक को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। विकासखण्ड स्तर पर भी मॉनिटरिंग समिति गठित की गई है।


तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# दही लूट एवं गोवर्धन लीला ने मोहा मन श्रीमद्भागवत की कथा में उमड़े श्रद्धालु



**कांकेर।** विकासखंड कांकेर के ग्राम पण्डरीपानी भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण में सराबोर है। यहां 25 मार्च से प्रारंभ हुई नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा एवं हनुमान प्रकटोत्सव का आयोजन 2 अप्रैल तक जारी है। पण्डरीपानी तालाब के समीप आयोजित इस धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन श्रद्धालु पहुंचकर कथा श्रवण कर रहे हैं और धर्म लाभ अर्जित कर रहे हैं।

आयोजन की शुरुआत 25 मार्च को कलश यात्रा के साथ हुई, जिसमें ग्राम की महिलाएं और श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। पूरे गांव में भक्ति गीतों और जयकारों के साथ वातावरण भक्तिमय हो गया। आयोजन समिति के अनुसार यह कार्यक्रम शीतला माता एवं महानदी तट पर विराजमान शिव-पार्वती की कृपा से संपन्न हो रहा है। कथा वाचन के लिए वृंदावन धाम से पधारे सुप्रसिद्ध कथा व्यास पं जय श्री कृष्ण शास्त्री महाराज अपने मधुर और प्रभावशाली प्रवचनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर रहे हैं। प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक चलने वाली कथा में भगवान श्रीकृष्ण की विविध लीलाओं का विस्तारपूर्वक वर्णन किया जा रहा है। 29 मार्च को आयोजित दही लूट और भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं ने विशेष आकर्षण का केंद्र बनाया। इस अवसर पर गोवर्धन पर्वत की कथा और इन्द्र के अभिमान के दमन की कथा सुनाई गई, जिसे सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। कथा के दौरान बताया गया कि किस प्रकार भगवान श्रीकृष्ण ने इन्द्र के अहंकार को समाप्त कर ब्रजवासियों की रक्षा की और गोवर्धन पूजा की परंपरा स्थापित की। कथा के क्रम में तृणावर्त वध, पूतना मोक्ष, नामकरण संस्कार, ध्रुव चरित्र, प्रह्लाद कथा जैसे प्रसंगों का भी अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा व्यास ने बताया कि भगवान की प्रत्येक लीला में जीवन के गूढ़ संदेश छिपे होते हैं, जो मानव को धर्म, सत्य और भक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। आगामी दिनों में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, वामन अवतार, रुक्मिणी विवाह, सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष जैसे प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा।

online Booking:-www.tripuryatra.com


07 मई, 21 मई, 04 जून, 30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411